**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding National Multidimensional Poverty Index.

**श्री राजीव प्रताप रूडी:** सर, वह प्रकाशित डॉक्यूमेंट है, जो पार्लियामेंट में भी है और पूरे भारत के सामने है । ये सरकारी व्यक्ति हैं । प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष है ।

सर, अभी उन लोगों ने पूरे भारतवर्ष की एक रिपोर्ट को प्रकाशित किया है । उस रिपोर्ट का नाम 'National Multidimensional Poverty Index' दिया है, जिसको यू.एन.डी.पी. ने भी वेट किया है और यह प्रकाशित हुआ है । यह भारत में छपा है । इसमें राजस्थान भी है और बिहार भी है । इसमें स्वास्थ्य, न्यूट्रिशन, चाइल्ड मोर्टेलिटी है । पूरे देश में सबसे गरीब राज्य कौन है और उसके क्या-क्या मानक है, उसको प्रमाणित किया है । इसमें सबसे अच्छे राज्यों के परफॉर्मेंस के बारे में लिखा है । यह बहुत महत्वपूर्ण है । सदन को जानकर यह आश्चर्य होगा कि आज बिहार को पूरे 28 राज्यों में मल्टी पोवर्टी इंडेक्स में हमारा 51 परसेंट है, जो भारत का लोएस्ट है । भारत में तमिलनाडु सबसे अच्छा है । यह जो नीति आयोग की रिपोर्ट है, इसमें 4 फीसदी लोग पावर्टी इंडेक्स के अंदर हैं ।

महोदय, आप जानकर आश्चर्यचकित होंगे कि यह जो मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स है, इसमें तमिलनाडु बड़ा राज्य होने के बाद भी देश का सबसे अच्छा और बिहार सबसे कम है । माननीय रविशंकर प्रसाद जी बैठे हैं, वे इस विषय से सहमत होंगे । माननीय श्री गिरिराज सिंह भी सदन में उपस्थित हैं । न्यूट्रीशन में हम 52 पर्सेंट कम हैं । हमारे बिहार की मेंटल हेल्थ 45 फीसदी कम है । देश में बिहार की स्कूल अटेंडेंस सबसे कम है, जो 12 फीसदी है । सैनिटेशन में हम 73 फीसदी पीछे हैं । असेट्स में, यानी टीवी, फ्रिज, गाड़ी, पूरे भारत में बिहार सबसे कम, 24 पर्सेंट पर है । रिपोर्ट में, भारत सरकार के प्रतिवेदन में कहा गया कि यह बैकवर्ड है । उसी बैकवर्ड राज्य का मैं एक सांसद हूं, तो मैंने भी अपने आपको बैकवर्ड घोषित किया कि मैं बैकवर्ड की श्रेणी में रहते हुए,

बिहार के हालात को पूरे भारत को बताऊंगा और आप सभी व सदन से मदद मांगूगा । देश तब तक नहीं बढ़ सकता है, जब तक बिहार आगे न बढ़े । इसीलिए मैं बार-बार यह बात उठा रहा हूं कि देश को अगर चलना है, तो इस 14 करोड़ की आबादी को साथ लेकर चलना होगा । किशनगंज देश का सबसे गरीब जिला, अररिया देश का सबसे गरीब जिला, मधेपुरा देश का सबसे गरीब जिला है । महोदय, मैं पीड़ा के साथ पूरे सदन को आह्वान कर रहा हूं कि देश के इन 12 करोड़ लोगों की उपेक्षा होती रही, तो इस देश के निर्माण की बात को हम पूरा नहीं कर पाएंगे ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से देश की सरकार से और बिहार की सरकार से मांग करता हूं कि इस पिछड़े राज्य के, इस पिछड़े व्यक्ति की मांग को सुना जाए और उस पर कार्रवाई की जाए ।

**माननीय अध्यक्ष** : डॉ. जी. रणजीत रेड्डी ।

… (व्यवधान)